**प्रेस नोट दिनांक 29.06.2026**

**थाना नवाबगंज जनपद बरेली**

**थाना नवाबगंज #bareillypolice द्वारा चोरी की मोटरसाइकिल सहित दो अभियुक्त गिरफ्तार, वाहन चोरी में प्रयुक्त एक अन्य मोटरसाइकिल भी बरामद ।**

जनपद बरेली में अपराध नियंत्रण एवं वाहन चोरी की घटनाओं की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना नवाबगंज पुलिस टीम द्वारा दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल एवं वाहन चोरी में प्रयुक्त एक अन्य मोटरसाइकिल बरामद की गई।

**घटना का संक्षिप्त विवरण/परिचयः-**

थाना नवाबगंज क्षेत्र में वाहन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण हेतु पुलिस टीम द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में अभियुक्तगण चोरी की मोटरसाइकिल को बेचने की फिराक में पाए गए, जिनकी गिरफ्तारी एवं बरामदगी की कार्यवाही की गई।

**सूचना एवं कार्यवाही**

दिनांक 28/29.06.2026 की रात्रि में थाना नवाबगंज पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि गरेम डैम से पहले पुलिया के पास दो व्यक्ति चोरी की मोटरसाइकिल बेचने के उद्देश्य से मौजूद हैं। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर दो अभियुक्तों को समय 23:35 बजे गिरफ्तार किया गया। जांच के दौरान उनके कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल एवं वाहन चोरी में प्रयुक्त एक अन्य मोटरसाइकिल बरामद हुईं। बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर आवश्यक धाराओं की वृद्धि करते हुए अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों को विधिक कार्यवाही उपरांत माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**

1. सूरज पुत्र स्व0 प्रेमपाल गुप्ता उर्फ प्रेमी निवासी सुन्दरलाल डाक्टर कालोनी बिजोरिया रोड कस्बा व थाना नवाबगंज जनपद बरेली उम्र 21 वर्ष
2. देशराज पुत्र मूलचन्द राठौर नि0 मो0 भट्टा पहलवान कस्बा व थाना नवाबगंज जिला बरेली उम्र 19 वर्ष

**बरामदगी का विवरणः-**

1. एक चोरी की मोटरसाइकिल स्प्लेंडर (बिना नंबर प्लेट) चैसिस नं0 – MBLHAR070HHD38502 इंजन नं0 – HA10AGHHD41964 वाहन संख्या सत्यापन उपरांत – UP25BY5154
2. घटना में प्रयुक्त एक काले रंग की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (परिवर्तित/क्षतिग्रस्त नंबर प्लेट सहित) चैसिस नं0 – MBHLA10ASCHE22876 इंजन नं0 – HA10ELCHE20632 वाहन संख्या सत्यापन उपरांत – UP25AS1898

**घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत अभियोग का विवरणः-**

मु0अ0सं0 354/2026 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस बीएनएस थाना नवाबगंज जनपद बरेली

मु0अ0सं0 357/26 धारा 303(2)/317(2)/318(4) बीएनएस थाना नवाबगंज जनपद बरेली

**पूछताछ विवरणः-**

पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि उन्होंने अपने अन्य दो साथियों राज एवं आदित्य द्विवेदी के साथ मिलकर लगभग एक माह पूर्व मोहल्ला आदर्श नगर, नवाबगंज क्षेत्र से मोटरसाइकिल चोरी की थी। जांच के दौरान बरामद मोटरसाइकिलों के चैसिस/इंजन नंबर का सत्यापन ई-चालान एप के माध्यम से किया गया, जिसमें एक मोटरसाइकिल चोरी की पाई गई तथा दूसरी मोटरसाइकिल पर परिवर्तित/भिन्न नंबर प्लेट लगी होना पाया गया। अभियुक्तों ने बताया कि वाहन चोरी की घटनाओं में पहचान छिपाने हेतु नंबर प्लेट बदलकर मोटरसाइकिल का प्रयोग किया जाता था। अभियुक्तों के अनुसार उनके साथी पूर्व में रेकी करते थे तथा बाद में हैंडल लॉक तोड़कर वाहन चोरी की जाती थी। प्रकाश में आये अभियुक्तों की तलाश एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**पुलिस टीम का विवरणः-**

1. उ0नि0 सचिन कुमार थाना नवाबगंज जनपद बरेली
2. उ0नि0 प्रणव श्रोत्रिय थाना नवाबगंज जनपद बरेली
3. हे0कां0 रवि सिंहथाना नवाबगंज जनपद बरेली
4. कां0 वसीमथाना नवाबगंज जनपद बरेली
5. कां0 राकेश कुमारथाना नवाबगंज जनपद बरेली